# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 25.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 25.05.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 05 भूमि विवाद, 07 मारपीट तथा शेष 13 अन्य से सम्बंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 25.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना बांसी पुलिस की प्रभावी पैरवी से आयुध अधिनियम के आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व ₹8,00/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे दिनांक 22.05.2026 को वाद सं0-2512/2006 मु0अ0सं0-721/2006 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना बांसी में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री धर्मेन्द्र कुमार भारती जेएम बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त अब्दुल अजीम पुत्र जुम्मन निवासी खूनीपुर अशोक नगर थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व ₹8,00/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी ऊधम सिंह थाना बांसी का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 25.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र में मिशन शक्ति  व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं को महिला अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध मे जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 25.05.2026 को प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय थाना त्रिलोकपुर के कुशल नेतृत्व में थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र की महिलाओं व बालिकाओं को जो थाने तक नहीं आ सकती हैं को मिशन शक्ति व साईबर जागरूकता अभियान के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी  तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र व साईबर सेल जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं। सम्मेलन में उपस्थित सभी बहू-बेटियों से खुद की समस्या कें बारे मे पूछा गया तो किसी भी बहू-बेटियों द्वारा कोई समस्या नही बतायी गयी। तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,  108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**थाना त्रिलोकपुर मिशन शक्ति टीम का विवरण--**

1. उ0नि0 कृष्ण कुमार पांडेय
2. उ0नि0 तालीमुद्दीन खान
3. मु0आ0धनन्जय दूबे
4. आ0सत्यप्रकाश यादव
5. रि0म0आ0 रुचि

# प्रेस नोट दिनांक 25.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति पुलिस टीम/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में "मिशन शक्ति फेज-5.0 द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनाकं 25.05.2026 को समस्त थानों की मिशन शक्ति पुलिस टीम/एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,1090 – वीमेन पावर लाइन ,181 – वीमेन हेल्पलाइन ,112 – पुलिस आपातकालीन सेवा ,102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस ,108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा,1098 – चाइल्ड लाइन ,101 – अग्निशमन सेवा,1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये बताया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 25.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा दहेज हत्या के आरोप में वांछित 03 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ नवीन कुमार सिंह द्वारा वारन्टी व वांछित गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग 86/2026 धारा 80(2), 85 बीएनएस व ¾ डी0पी0 एक्ट से सम्बन्धित 03 नफर वांछित अभियुक्तगण को आज दिनांक 25.05.2026 को प्लाईवुड तिराहा खुनुवा रोड के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

01.उदयनारायन शर्मा उर्फ गौतम पुत्र अवध बिहारी उर्फ बन्धु निवासी गुजरौलिया थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

02.अवध बिहारी उर्फ बन्धु पुत्र रामजियावन निवासी गुजरौलिया थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

03.कमलावती पत्नी अवधबिहारी उर्फ बन्धु निवासी गुजरौलिया थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 सुरेश यादव प्र0चौकी खुनुवा थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।
2. हे0का0 अष्टवर्ती यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।
3. हे0का0 मनोज कुमार थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।
4. का0 अजीत यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।
5. का0 अनिल गुप्ता थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।
6. म0का0 जुही सिंह थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।
7. म0रि0का0 नेहा यादव थाना शोहरतगढ जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 25.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना बांसी पुलिस की प्रभावी पैरवी से आबकारी अधिनियम के आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व ₹2,00/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 25.05.2026 को वाद सं0-4372/2024 मु0अ0सं0-176/2023 धारा 7(1) आबकारी अधिनियम थाना बांसी में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री धर्मेन्द्र कुमार भारती जेएम बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त रामू गौड़ पुत्र धमालू निवासी गांधीनगर नरकटहा थाना बांसी जनपद सिद्धार्थनगर को जेल में बिताई गई अवधि के कारावास व ₹2,00/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी ऊधम सिंह थाना बांसी का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 25.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना खेसरहा ग्राम के कासडीह मे बारात मे डी0जे0 पर नाचने की बात को लेकर हुई मारपीट में एक युवक की निर्मम हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना मे संलिप्त 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त आला क़त्ल बरामद किया गया।**

**◆गिरफ्तार अभियुक्तगण को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।**

दिनांक 22/23.05.2026 की रात मे थाना खेसरहा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कासडीह मे बारात मे डी0जे0 बजाने व नाचने की बात को लेकर मारपीट कर नवयुवक की निर्मम हत्या कर दी गयी थी। इस सूचना पर उच्चाधिकारीगणों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। उक्त हत्या की घटना से आप-पास के जनमानस में काफी आक्रोश व्याप्त था। झीनक पुत्र स्व. भगेलू निवासी तिलौला थाना शिवनगर डिड़ई के लिखित तहरीरी सूचना पर थाना खेसरहा पर मु0अ0सं0 69/2026 धारा 191(2)/190/115(2)/103(1) BNS पंजीकृत कराया गया। डॉ0 अभिषेक महाजन , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु प्रशान्त कुमार प्रसाद , अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व शुबेन्दु सिंह , क्षेत्राधिकारी बांसी के कुशल पर्यवेक्षण में अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष खेसरहा व उ0नि0 राघवेन्द्र प्रताप यादव के नेतृत्व मे संयुक्त टीम का गठन किया गया। गठित संयुक्त टीम द्वारा उच्चकोटि की पतारसी, सुरागरसी करते हुये वैज्ञानिक/इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का संकलन करते हुए घटना कारित करने वाले संदिग्ध अभियुक्त गण 1. अली हुसैन पुत्र स्व. हकीकुल्लाह 2. अख्तर हुसैन पुत्र अली हुसैन 3. सहादत हुसैन पुत्र स्व. हकीकुल्लाह 4. हमीदुल्लाह पुत्र इदरीश निवासी गण दुबाई थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को दिनांक 25.05.2026 को दुबाई से मूजडीह जाने वाले नहर से तथा 5. लवकुश पुत्र ढुनमुन 6. आकाश कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार 7. विवेक कुमार चौधरी उर्फ लालजी चौधरी पुत्र स्व. त्रिवेणी प्रसाद निवासी गण दुबाई थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर को आज दिनांक 25.05.2026 को बनकेगांव के पास से गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया जिन्होने जुर्म स्वीकार किया तथा अभियुक्तो की निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त आला क़त्ल बांसी का डण्डा बरामद करते हुये उक्त सनसनीखेज घटना का सफल अनावरण किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1. अली हुसैन पुत्र स्व. हकीकुल्लाह निवासी दुबाई थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर
2. अख्तर हुसैन पुत्र अली हुसैन निवासी दुबाई थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर
3. सहादत हुसैन पुत्र स्व. हकीकुल्लाह निवासी दुबाई थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर
4. हमीदुल्लाह पुत्र इदरीश निवासी दुबाई थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर

5. लवकुश पुत्र ढुनमुन निवासी दुबाई थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर

6. आकाश कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी दुबाई थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर

7. विवेक कुमार चौधरी उर्फ लालजी चौधरी पुत्र स्व. त्रिवेणी प्रसाद निवासी दुबाई थाना खेसरहा **जनपद सिद्धार्थनगर**

**बरामदगी का विवरण-**

01.घटना मे प्रयुक्त आला क़त्ल बास का डण्डा।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01. उ0नि0 अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

02. उ0नि0 राघवेन्द्र प्रताप यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

03. उ0नि0 बीरेन्द्र सिंह थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

05. हे0का0 जालन्धर प्रसाद, हे0का0 राहुल सिंह, का0 अनिल यादव का0 अजीत कुमार, का0 सोनदेव कुमार, रिक्रुट आरक्षी दीपक थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 25.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना क्षेत्र डुमरियागंज के ग्राम हल्लौर, जबजौवा, बसडिलिया, बेवा, बेदौला ,मंदिर तिराहा, कस्बा डुमरियागंज में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त कर आम जनमानस को कराया गया सुरक्षा का एहसास।**

अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 25.05.2026 को क्षेत्राधिकारी इटवा तथा प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज के साथ आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना क्षेत्र डुमरियागंज के ग्राम हल्लौर, जबजौवा, बसडिलिया, बेवा, बेदौला ,मंदिर तिराहा, कस्बा डुमरियागंज में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया गया। जिसमें कस्बा डुमरियागंज व अन्य भीड़-भाड़ वाले इलाको में पुलिसबल के साथ पैदल गश्त करते हुए इस दौरान व्यापारियों, संभ्रांत व्यक्तियों व आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा आमजन से वार्ता कर आगामी त्यौहार बकरीद को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 25.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के कस्बा सिद्धार्थनगर में पैदल गश्त कर आम जनमानस को कराया गया सुरक्षा का एहसास।**

आज दिनांक 25.05.2026 को शिवशरणप्पा जी0एन0 जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना क्षेत्र सिद्धार्थनगर के कस्बा सिद्धार्थनगर में विश्वजीत सौरयान (IPS) क्षेत्राधिकारी सदर व प्रभारी निरीक्षक सिद्धार्थनगर मय पुलिस बल के साथ पैदल-गश्त किया गया। जिसमें कस्बा सिद्धार्थनगर व अन्य भीड़-भाड़ वाले इलाको में पुलिसबल के साथ पैदल गश्त करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों, संभ्रांत व्यक्तियों व आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का एहसास कराया गया तथा आमजन से वार्ता कर आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 25.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆ जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 25.05.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।